# संस्था का परिचय

डॉ.ऐनीबेसेंट संस्था का परिचयः– डॉ.ऐनीबेसेन्ट मेमोरिलय शिक्षण समिति की स्थापना सन् 1985 में गोवा स्वतंत्रता सेनानी एंव वरिष्ठ अधिवक्ता स्व.श्री प्रतीशचंद्र जी दत्ता के कर कमलों द्वारा शुरू की गई है इस समिति की नई उपलाब्धि वष 2002 में डॉ.ऐनीबेसेन्ट मा.निः विशेष विद्यालय है जो कि सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग से मान्यता एवं जिला निराश्रित निधि से अनुदान प्राप्त है संस्था जिले के ऑटिज्म,सेरेब्रल पाल्सी, मानसिक मंदता और बहु–विकलांगता के हितग्राहीयों पुर्नवास के लिए कार्य कर रही है साथ ही पुनर्वास और कौशल प्रशिक्षण, जो संस्था में प्रदान किया जाता है यह स्थानीय लोगों के बीच जागरूकता फैलाने में भी मदद करता है, सूचना वितरण के लिए शिविर आयोजित करता है और बच्चों और उनके माता–पिता के लिए नियमित स्वास्थ्य और मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन प्रदान करता है संस्था में डे–केयर में अधिकतम 50 और आवासीय छात्रावास में 20 है अधिकांश छत्रा आस पास के क्षेत्रो से है, डे–केयर में प्रतिदिन बच्चों की संस्था की मैक्सी–बैन द्वारा विद्यालय लाया जाता है यह परियोजना आंशिक रूप से राज्य सरकार द्वारा विता पोषित है और शेष सम्मानित दाताओं द्वारा उपलब्ध कराया जाता है।

संस्था में विशेष शिक्षक, संगीत शिक्षक,ड्रांइग शिक्षक,थैरपी ,वोकल थेरेपिस्ट,कंप्यूटर ऑपरेटर अकाउंट्स और एडमिन स्टाफ, ड्राइवर, सुरक्षा गार्ड सहित एक नियमित स्टाफ है

संस्था में दिव्यांग बच्चों को अगरबत्ती बनाने का प्रशिक्षण एवं अपशिष्ट कपड़े सामग्री (हथकरघा परियाजेना) से हस्तशिल्प मशीन की स्थापना कि है जिसमें चादर, चटाई, टेबल टॉप, पुराने कपड़ों की सामग्री बनाने का प्रशिक्षण दिया जाता है दिव्यांग बच्चों में वोकल थैरेपी भी दी जाती है तथा राखी बनाने का प्रशिक्षण , विद्यालय के दिव्यांग बच्चों पेपर बेग हैंडीक्राफट, दिवाली दीये व्यावसायिक प्रशिक्षण चाक बनाने का प्रशिक्षण संस्था के दिव्यांग बच्चों को दिया जाता है

1985 में ऐनीबेसेन्ट सामान्य विद्यालय माध्यमिक विद्यालय।
2000 डॉ.ऐनीबेसेन्ट संगीत अकादमी की स्थापना।
2002 डॉ.ऐनीबेसेन्ट मानसिक निःशक्त विशेष विद्यालय की स्थापना।
2005 डॉ.ऐनीबेसेन्ट का अस्थायी समापन।
2007 डॉ.ऐनीबेसेन्ट आवासीय छात्रावास की स्थापना।
2009 डॉ.ऐनीबेसेन्ट विद्यालय की रजत जंयती मनाना।
2015 प्रशिक्षण हेतु लूम मशीन हथकरघा परियोजना की स्थापना।
2019 व्यावसायिक प्रशिक्षण चाक बनाने की मशीन उपलब्ध ट्राइडेंट लिमिटेड द्वारा संस्था को प्रदान की गई।

# डॉ.ऐनीबेसेन्ट मा.निः विशेष विद्यालय नर्मदापुरम

## प्रतिबेदन सत्र 2021.22

**जुलाई माह 2021**

जुलाई माह में विद्यालय प्रारंभ होने के साथ ही शहर व आस पास के क्षेत्रों में समस्ट स्टाफ के साथ सर्वे किया गया ताकि विद्यायल में बच्चों को प्रवेश दिलाकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जा सकें। डॉ.ऐनीबेसेन्ट मेमोरियल शिक्षण समिति के सदस्यों से चर्चा कर विद्यालय के बच्चों को लाने ले जाने के लिए की।

निरामय स्वास्थय बीमा का लाभ हितग्रहियों को देने के लिए उनके सटिफिकेट बनाने का कार्य किया गया। लीगल गार्जियन शिप का कार्य भी संस्था में निरन्तर जारी है।

**अगस्त माह 2021**

अगस्त माह में व्यावसायिक प्रशिक्षण के अन्तर्गत बच्चों को राखी बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम सप्ताह में बच्चों को प्रशिक्षण देकर दूसरे व तीसरे सप्ताह में बच्चों के द्वारा रंग बिरंगी राखी का निर्माण किया तैयार राखी का विक्रय करने हेतु विद्यायल में स्टाल लगाया गया। जिसमें सभी ने राखी खरीदी एवं बच्चों की राखी बनाने के लिए सम्मनीय लोगों द्वारा सराहना की गई।

अगस्त माह में ही विद्यायल में कांति दिवस आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।साथ ही विजयशंकर दुबे की समाधि पर फूल माला आर्पित किया गये।

अगस्त में ही स्वतंत्रता दिवस की तैयारी कराई गई 15 अगस्त 2021 `को विद्यायल में समिति सचिव श्री विश्वेश्वर तिवारी मुख्य अतिथि जिसमें विद्यायल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यकम नृत्य,भाशण,गीत के कार्यकमां की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। बाद में सभी को लड्डू वितरित किये गये।

**सितम्बर माह 2021**

सितम्बर माह में लगातार प्रयासों से मानसिक निःशक्त विधर्थियों को जनवरों के चित्र पहचाना,अंको की जानकारी तथा बेसिक जानकारी देकर बच्चों को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया सफलता प्राप्त की। साथ ही जिले के लीगलगाजियन शिप के प्रकरणों को भी तैयार कर सामाजिक न्याय विभाग में भेजा।

सितम्बर माह में ही बच्चों की तिमाही परीक्षा की तैयारी कराई गई। बच्चों को उनकी अनुसार उनका परीक्षण किया गया।

**अक्टुबर माह 2021**

अक्टुबर माह में आने वाले माह दीपावली के अवसर पर व्यावसायिक प्रशिक्षण के अन्तगत बच्चों को मिट्टी के आयटम बनाने को प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों के द्वारा मिट्टी के दीपक बनाये गये उनपर कलर किया गया। लूम मशीन के द्वारा विभिन्न प्रकार के आयटम मोबाइल,दरी,टेवल कवर बनाये गये। इस बार विद्यायल में प्लास्टिक सामग्री के अन्तर्गत तोरण बनाने का प्रशिक्षण दिया गया । जिसके बाद अलग अलग प्रकार के तोरण बनाये गये।

साथ ही निर्मित सामग्री को ट्राइडेन्ट कंपनी द्वारा कुछ मात्रा में कय किया गया।

विद्यायल के बच्चों द्वारा तथा स्टाफ की सहायता से प्रशिक्षण उपरान्त बच्चों द्वारा सामग्री का निर्माण किया गया। लीगल गार्जिशन शिप के प्रकरण की स्टाफ द्वारा होमविजिट तथा निरामया बीमा योजना के लिए क्लेम किये गया।

**नबम्बर माह 2021**

पिछ्ले महीने की गतिविधियों को दोहराना और अक्षर ज्ञान का अभ्यास कराना और बच्चों द्वारा तैयार सामग्री को लेकर शहर के चिन्हित सीनों पर स्आल लगाना और दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले दिव्यांग दिवस के कार्यक्रम के लिए खेलकूद स्पर्धा का आयोजन किया गया।

साथ ही लीगल गार्जियन का कार्य भी निरन्तर संस्था द्वारा किया जा रहा है।

**दिसम्बर माह 2021**

दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में 3 दिसम्बर को पुलिस ग्राउन्ड में वि"व विकलांग दिवस का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें बच्चों द्वारा 100 मीटर दौड़ 50 मीटर दौड़,गोलार्फेक,कर्सी दौड़, हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत गायन की प्रस्तुती दी गई। इसके बाद बच्चों ने पुरस्कार भी प्राप्त किये एवं प्रमाण पत्र दिये गये।

दिसम्बर माह में ही बच्चों की छमाही परीक्षा करवाई गई। जिसमें बच्चों का विद्या बुद्दिलब्धि के अनुसार परीक्षण किया गया।

किसमस पर्व पर बच्चों द्वारा ग्रीटिंग बनाई गई। वोकेशनल के अन्तर्गत बच्चों को चाक बनाने का प्र"िाक्षण दिया गया। तथा चाक बनाकर उनको विभिन्न संस्थानो में उपयोग हेतु सर्वे भी किया गया। लीगलगार्जियन शिप के कार्यो को आनलाईन करने का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। कुछ बच्चों के क्लेम हेतु भी कार्यावाही की गई।

**जनवरी माह 2022**

जनवरी के प्रथम सप्ताह में बच्चों को नववर्ष की बधाई दी गई साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत नृत्यका प्रशिक्षण दिया गया। बच्चों का नृत्य के साथ ही गायन का प्रशिक्षण दिया गया।जिसके अन्तर्गत गणतंत्र दिवस पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयाई कराई गई।

विद्यायल में गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि विश्वेश्वर तिवारी द्वारा झंडा वंदन किया गया। गायन व नृत्य का सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने प्रस्तुति दी। इसके बाद बच्चों को लड्डू व चाकलेट वितरित किये गयें।

होशंगाबाद जिले के गाव में जाकर दिव्यांग बच्चों को मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन के प्रकरणों को तैयार किया गया एवं कुछ बच्चों के निरामया क्लेम संस्था द्वारा रक्षा टीपीए भेजे गया और 5 गार्जियनशिप के प्रकरणो को तैयार कर फार्म सी एवं डी की जानकारी ली गई।

**फरवरी माह 2022**

फरवरी माह में विद्यायय में बंसन्त पंचमी उत्साह की तैयारी की तथा हवन पूजना किया गया। विद्यालय के बच्चों को लिफाफा बनाने का प्रशिक्षण दिया । क्राप्त आयटम बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

बच्चों से ड्रांइग का प्रशिक्षण दिया गया तथा बच्चों के द्वारा बहुत अच्छी ड्रांइग बनाई गई।


लीगल गार्जियनशिप के तैयार 10 प्रकरणों में हस्ताक्षर हूते पुन कलेक्टर महोदय की भेजी गई। 3 दिव्यांग बच्चों की निरामया बीमा योजना में क्लेम रक्षा टीपीए भेजे गया

**मार्च माह 2022**

बच्चों के द्वारा बनाये फूलों से कलर की पैकिग कराई गई तथा होली क्यों बनाई जाती इस से अवगत करायें तथा बच्चों द्वारा लूम म"ीन के लिए पुराने कपड़ो को काट्कर रस्सी बनाना उनको भरना तथा धागे भरने का कार्य किया गया।

आगमी माह मे होने वाली परीक्षा हेतु उनकी बुध्दि लिब्धि अनुसार रिवीजन कराया गया।


आपका सहयोग
दिव्यांगो के लिये






TRIDENT GROUP
CSR
सामाजिक जिम्मेदारी
TRIDENT GROUP






विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर
दिनांक - 3 दिसम्बर 2019
MAHESH








2020.02.20 13:16


विश्व
सामाजिक न्याय दिवस
2020.02.20 13:19


MRS
2018




KHELO INDIA
Ministry of Youth Affairs & Sports
Government Of India
Khelo India Scheme









विद्यालय की
हार्दिक

